## संपादकीय

# सुपर से ऊपर

सांसें थामने वाले रोमांच से आगे के क्रिकेट ने आईसीसी विश्व कप फाइनल को ऐतिहासिक बना दिया। रविवार को लॉर्ड्स में फाइनल मैच का टाई होना, सुपर ओवर का भी टाई होना और फिर निर्णय बाउंड्री नियमों से होना अपने आप में अभूतपूर्व रहा। परिस्थितियां भले ही पहली बार इंगलैंड को चैंपियन बना गई हों, मगर न्यूजीलैंड की टीम विश्व विजेता टीम की तरह खेली। बहरहाल रविवार इंग्लैड का था। तभी 23 साल बाद क्रिकेट को एक नया विश्व विजेता मिला। मौसम की तल्खी के बीच न्यूजीलैंड की टीम हर क्षेत्र में उम्दा खेली। उसकी किस्मत एक ओवर थ्रो, नियमों की विसंगति और उससे मिले छह रनों ने बदली। जिसको लेकर तमाम सवाल खड़े किये जा रहे हैं कि इंगलैंड को पांच ही रन मिलने चाहिए थे और न्यूजीलैंड ने ही विश्व विजेता बनना था। नियम की विसंगतियों को लेकर क्रिकेट विशेषज्ञ व पूर्व क्रिकेटर सवाल उठा रहे हैं कि यह न्यूजीलैंड के साथ यह न्याय नहीं है। मैच का रोमांच फाइनल मुकाबला अंतिम गेंद तक चला और इंगलैंड भी न्यूजीलैंड के बराबर 241 रन बनाकर आउट हुआ। आईसीसी के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि मैच के बाद सुपर मुकाबला भी टाई हो गया। एक नये नियम से मैच का फैसला हुआ, जिस नियम के औचित्य को लेकर पुराने क्रिकेटर सवाल खड़े कर रहे हैं। न्यूजीलैंड समर्थकों को नये नियम से फाइनल मुकाबले का निर्णय करना रास नहीं आ रहा है। वे इस नियम के बजाय संयुक्त विजेता घोषित करने की बात करते रहे हैं। विजेता टीम के समर्थक फैसले को सही बता रहे हैं तो न्यूजीलैंड के समर्थक उस नियम को हास्यास्पद बता रहे हैं, जिसकी वजह से ज्यादा बाउंड्री लगाने के कारण मैच इंगलैंड की झोली में चला गया।

बहरहाल, सांस रोकने वाले इस मुकाबले में भले ही फाइनल मैच इंगलैंड ने जीता हो मगर न्यूजीलैंड के खेल की भी मुक्त कंठ से प्रशंसा हुई। यहां तक कहा गया कि इंगलैंड को भले ही विश्व विजेता घोषित किया गया हो, विजेता एक हो, मगर चैंपियन दो टीमें हुई हैं। सोशल मीडिया पर बाउंड्री नियमों के जरिये विजेता घोषित करने की तीखी आलोचना हो रही है।दुनिया के तमाम दिग्गज क्रिकेटर इस नियम को अनुचित बताकर बदलने की मांग भी कर रहे हैं। बहरहाल, क्रिकेट सदा से अनिश्चितताओं का खेल रहा है, जिसका चरम इस विश्व कप में नजर आया। विश्व कप की प्रबल दावेदार मानी जानी वाली भारतीय टीम की सेमीफाइनल में हुई पराजय को क्रिकेट प्रेमी अभी तक नहीं पचा पा रहे हैं। जिस तरह भारतीय टीम लीग मैच में इंगलैंड से हारी, उसको लेकर भी सवाल खड़े किये जा रहे हैं। नि:संदेह भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों का दिल रखने के लिये बीसीसीआई भारतीय टीम में कुछ बड़े बदलाव कर सकता है। कयास लगाये जा रहे हैं फटाफट क्रिकेट व वन डे मैचों की कमान रोहित शर्मा को दी जा सकती है। कोच की जवाबदेही तय होगी। अगले महीने 3 अगस्त से वेस्टइंडीज में खेलने वाली टीम में निश्चित तौर पर कुछ बड़े बदलाव किये जा सकते हैं। वैसे दौरे के लिये कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को आराम देने की बात कही जा रही है। सेमीफाइनल में धोनी के धीमे खेल और मैच की दिशा बदलने वाले रन आउट को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। मगर दूसरी ओर भारत की प्रतिष्ठित हस्तियां भी धोनी के समर्थन में आवाज उठा रही हैं। नि:संदेह इतना तय है कि यह नाकामी टीम इंडिया में कई अप्रत्याशित बदलाव ला सकती है। जीत की खुमारी में टीम के जो कथित अवगुण दबे रहते हैं, वे पराजय के बाद मुखर हो जाते हैं। बहरहाल, भविष्य में भारतीय टीम से बेहतर खेल की उम्मीद तो की ही जा सकती है ताकि अगले विश्व कप की तैयारियां समय रहते पूरी करने की प्रक्रिया को गति दी जा सके।

# अबतक 1.46 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गए, 90.8 लाख करदाताओं ने भरे आईटीआर-1



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आकलन वर्ष 2018-19 के लिए अब तक 1.46 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न फाइल किए जा चुके हैं। इसमें 90.8 लाख रिटर्न सालाना 50 लाख रुपये तक की आय वालों के हैं। राजस्व विभाग के आंकड़े के अनुसार, अकेले 16 जुलाई को 7.94 लाख कर रिटर्न भरे गए। इसमें से 5.26 लाख आईटीआर-1 या सहज थे।

आईटीआर-1 देश में रहने वाले वे लोग भर सकते हैं जिनका वेतन, एक मकान, संपत्ति, अन्य स्रोत (ब्याज) से कुल आय 50 लाख रुपये तथा कृषि आय 5,000 रुपये है। इसमें वे लोग शामिल नहीं हैं, जो निदेशक हैं या जिन्होंने गैर-सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश कर रखा है। इसके अलावा 16 जुलाई तक 9.68 लाख आईटीआर-2 तथा 14.94 आईटीआर-3 भरे गए हैं।

आईटीआर-2 उन लोगों और हिंदु अविभाजित परिवार (एचयूएफ) के लिए है, जिनकी आय लाभ और कारोबार या पेशा लाभ से नहीं है। वहीं अईटीआर-3 उन व्यक्तियों तथा एचयूएफ के लिए जिनकी आय लाभ और व्यापार या पेश से प्राप्त लाभ से है। अधिकारियों के अनुसार, सुविधा के कारण रिटर्न फाइल करने वालों की संख्या बढ़ी है। इसका मुख्य कारण पहले से भरा आयकर रिटर्न फॉर्म है। पहले से भरे फॉर्म को संपादित किया जा सकता है।


विभाग के अनुसार, करीब 28 लाख आईटीआर-4 या सुगम भरे गए हैं। इसे उन व्यक्तियों, एचयूएफ तथा कंपनियां भरती हैं, जिनकी कारोबार तथा पेशेवर से कुल अनुमानित आय 50 लाख रुपये तक है। लेकिन इसमें शर्त है कि आकलनकर्ता न तो निदेशक हो और नहीं किसी गैर-सूचीबद्ध कंपनी में निवेश कर रखा हो। चालू वित्त वर्ष में अब तक 24,000 कंपनियों ने आईटीआर-6 भरा है। कुल मिलाकर 16 जुलाई तक 1.46 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न भरे जा चुके हैं।

## स्वच्छ ऊर्जा कोष बनाने में विफल रहा पश्चिम बंगाल : कैग

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल नवीकरणीय ऊर्जा नीति के तहत स्वच्छ ऊर्जा कोष बनाने में विफल रहा है। यह जानकारी नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) ने अपनी ऑडिट रपट में दी है। कैग ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा कोष बनाने और उसके प्रबंधन की जिम्मेदारी राज्य सरकार की नोडल एजेंसी पश्चिम बंगाल स्वच्छ ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (डब्ल्यू बी जी ई डी सी एल) की है। उसने इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं की है। मार्च 2017 की अपनी ऑडिट रपट में कैग ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा कोष को पश्चिम बंगाल सरकार और योगदान देने वाली अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के शेयर आधारित सहयोग से बनाया जाना था। हालांकि डब्ल्यू बी जी ई डी सी एल ने इस कोष के गठन के लिए कोई पहल नहीं की। कैग ने महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने स्वच्छ उपकर कोष बनाया है और 2008 से 2015 के बीच 2,315 करोड़ रुपये जुटाए।

## इस सप्ताह 3 डॉलर प्रति बैरल सस्ता हुआ कच्चा तेल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कच्चे तेल में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पिछले दिनों की नरमी के बाद फिर तेजी लौटी है। इस सप्ताह अब तक कच्चे तेल के भाव में करीब तीन डॉलर प्रति बैरल की गिरावट आ चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में नरमी रहने से घरेलू वायदा बाजार में भी कच्चे तेल का दाम 200 रुपये प्रति बैरल से ज्यादा गिरा है। पिछले सप्ताह के आखिरी सत्र में शुक्रवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर कच्चे तेल का जुलाई वायदा अनुबंध 4,138 रुपये प्रति बैरल पर बंद हुआ था जबकि इस सप्ताह पिछले सत्र में बुधवार को कच्चे तेल का भाव एमसीएक्स पर 3,916 रुपये प्रति बैरल पर बंद हुआ।





पिछले सत्र में विदेशी बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी रहने के कारण एमसीएक्स पर कच्चे तेल के वायदा सौदों में सत्र के आरंभ में नरम कारोबार चल रहा था। सुबह करीब 9.45 बजे कच्चे तेल का जुलाई अनुबंध पिछले सत्र से 10 रुपये की कमजोरी के साथ 3,906 रुपये प्रति बैरल पर बना हुआ था जबकि इससे पहले भाव 3,903 रुपये प्रति बैरल पर खुला। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज यानी आईसीई पर गुरुवार को हालांकि ब्रेंट क्रूड का सितंबर डिलीवरी अनुबंध पिछले सत्र के मुकाबले 0.24 फीसदी की तेजी के साथ 63.81 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ था लेकिन न्यूयार्क मर्केंटाइल एक्सचेंज पर डब्ल्यूटीआई का अगस्त अनुबंध तकरीबन सपाट 56.80 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ था।

## तिमाही मुनाफा घटने का असर, यस बैंक के शेयर 11 फीसदी लुढ़के

**नई दिल्ली (आरएनएस) ।** वित्त वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में यस बैंक के शुद्ध मुनाफे में गिरावट का असर बुधवार को खुले शेयर बाजार में इसके कारोबार पर भी दिखा। सेंसेक्स और एनएसई दोनों ही जगह इसके शेयर खुलते ही धड़ाम हो गए। सेंसेक्स में इसके शेयरों में गिरावट 11.27 प्रतिशत जबकि एनएसई में 11.28 प्रतिशत दर्ज की गई।

उल्लेखनीय है मंगलवार को यस बैंक के आंकड़े जारी किए गए जिसमें चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यस बैंक के शुद्ध मुनाफे में साल दर आधार पर 91 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। मुनाफे में गिरावट की वजह से बैड लोन पर काफी अधिक प्रोविजनिंग होना था।

निफ्टी50 के टॉप लूजर्स की बात करें तो यस बैंक के बाद टाटा मोटर्स, ओएनजीसी, वीईडीएल





और कोल इंडिया के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। वहीं, सेंसेक्स में भी टॉप लूजर्स में इन्हीं कंपनियों के शेयर रहे हैं। यस बैंक के बाद टाटा एमटीआरडीवीआर, टाटा मोटर्स, ओएनजीसी और वीईडीएल टॉप लूजर्स रहे।

अब बात आईटी की दिग्गज कंपनी विप्रो के शेयर की करते हैं जिसने मंगलवार को ही अपने तिमाही नतीजे जारी किए हैं। बुधवार को बाजार खुलने के बाद 3.16 प्रतिशत के साथ यह टॉप गेनर बना हुआ है। बता दें कि वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 12.5 प्रतिशत बढ़कर 2,387.6 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## डिश टीवी ने बुजुर्गों के लिए शुरू की 'आयुष्मान एक्टिव' सेवा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अग्रणी डीटीएच कंपनी डिश टीवी इंडिया ने अपनी तरह की पहली मूल्य वर्धित सेवा 'आयुष्मान एक्टिव' पेश की है जिसके तहत डी2एच पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए श्रेष्ठ और अनूठे प्रोग्राम देने की सुविधा प्रदान की गयी है। डिश टीवी इंडिया कार्यकारी निदेशक अनिल दुआ ने यहां एक बयान में बताया कि उनकी कंपनी डीटीएच उद्योग में अग्रणी है और अपने वरिष्ठ दर्शकों को उनकी आयु से इतर बेहतर प्रोग्राम देने की पेशकश करती है। यह सेवा वरिष्ठ नागरिकों का मनोरंजन करेगी और उन्हें प्रेरित करने के साथ ही नई जानकारियां प्रदान करती रहेगी। डिश टी वी की उत्पादन इकाई से जुड़े निदेशक आदर्श गुप्ता ने बताया कि डॉमिनिच की स्थापना इसे भविष्य की शैलियों में बाजार में अग्रणी बनाने के दृष्टिकोण से की गई है।

## हिमा दास ने 15 दिनों के भीतर जीता चौथा स्वर्ण

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत की युवा स्प्रिंटर हिमा दास ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए 15 दिनों के भीतर चौथा स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने चेक गणराज्य में हुए टाबोर एथलेटिक्स टूर्नामेंट में 200 मीटर स्पर्धा का स्वर्ण जीता।



हिमा ने बुधवार को हुई रेस को 23.25 सेकेंड में पूरा करके सोना जीता। उनकी हमवतन वी.के विसमाया 23.43 सेकेंड का समय निकालते हुए दूसरे पायदान पर रही। यह इस सीजन का उनका सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है।

पुरुष वर्ग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड होल्डर मोहम्मद अनस ने 400 मीटर की स्पर्धा में 45.40 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्ण जीता। अनस ने 13 जुलाई को इसी स्पर्धा में 45.21 सेकेंड के समय के साथ सोना जीता था। जुलाई दो के बाद से हिमा का यूरोप में हुए टूर्नामेंट में यह चौथा स्वर्ण है। जीत के बाद उन्होंने ट्वीट किया, आज 200 मीटर में फिर एक स्वर्ण जीता और टाबोर में अपना समय बेहतर करके 23.25 सेकेंड किया। उन्होंने दो जुलाई को पोलैंड में हुई पहली रेस को 23.65 सेकेंड में जीता था।

## सचिन तेंदुलकर ने विलियम्सन की सराहना की

**लंदन (आरएनएस)।** महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन से कहा कि, तुम्हारे खेल को सभी ने सराहा और तुम्हारा विश्व कप शानदार रहा। न्यूजीलैंड को 14 जुलाई को हुए विश्व कप फाइनल में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ बाउंड्री की संख्या के आधार पर हार झेलनी पड़ी और इंग्लैंड ने पहली बार विश्व कप खिताब जीता। विलियम्सन ने टूर्नामेंट में कई दमदार पारियां खेलीं और कुल 578 रन बनाए। हालांकि, वे एक विश्व कप में सबसे अधिक रन बनाने के तेंदुलकर के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाए।100 एमबी ने



तेंदुलकर के हवाले से बताया, विलियम्सन के बारे में सबसे अच्छी बात है उनके शांत रहने की क्षमता। वह किसी भी परिस्थिति में अपना मानसिक संतुलन नहीं खोते। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि वह विश्व कप नहीं जीत सके लेकिन यह उनके चेहरे पर प्रतिबिंबित नहीं हुआ। तेंदुलकर ने कहा, विलियम्सन खेल को अलग नजरिए से देखते हैं। कम स्कोर का बचाव करते हुए उनकी फील्ड प्लेसमेंट और गेंदबाजी में बदलाव सराहनीय है।

## आज का राशिफल

*मेषः-* राशि स्वामी मंगल कर्क राशि पर आ चुका है। चंद्रमा आज दशम भाव में होने से गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

*वृषभः-* राशि का स्वामी शुक्र तृतीय भाव में बुध के साथ पराक्रम आयु चिंता भाव में होने से जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे।

*मिथुनः-* आज राशि से अष्टम भाव में चंद्रमा मन संतोष का देने वाला है। षष्ठम भाव में गुरु से व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

*कर्कः-* आज राशि स्वामी चंद्र सप्तम भाव में कोष वृद्धि का संकेत है। दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

*सिंहः-* षष्ठम भाव का चंद्रमा और एकादश घर में मिथुन राशि का राहु आज प्रभाव प्रताप को बढ़ाने वाला है, रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी।

*कन्याः-* पंचम भाव में चंद्रमा शुभ व्यय, कीर्ति की वृद्धिकारक है। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संयम रखें। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है।

*तुलाः-* राशि स्वामी शुक्र चंद्र के घर का होकर दशम भाव में और चतुर्थ घर में चंद्रमा के प्रभाव से राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे।

*वृश्चिकः-* राशि स्वामी भोम के कर्क राशि पर होने और तृतीय पराक्रम भाव में चंद्रमा होने से पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा।

*धनुः-* देवगुरु वृश्चिक राशि पर और चंद्रमा द्वितीय धनु स्थान में चल रहे हैं अतः- आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी।

*मकरः-* आपकी राशि से षष्ठम राहु और राशि का स्वामी शनि के बारहवें घर में होने के कारण व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। विरोधी परास्त होंगे।

*कुंभः-* आज द्वादश व्यय भाव में मकर राशि का चंद्रमा होने के फलस्वरूप बेरोजगार व्यक्ति यों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए प्रयास सफल होंगे। ननिहाल पक्ष से लाभ होगा। झगड़ा विवाद से बचें।

*मीनः-* राशि स्वामी बृहस्पति नवम भाग्य भाव में राज्य मान-प्रतिष्ठा वृद्धि कारक है। रोजगार के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनीतिक सहयोग मिलेगा। वाणी पर संयम रखें।

## सोहन हलवा की रेसिपी बनाने की विधि

हलवा खाने का मन है लेकिन इसका एक नया और यूनिक टेस्ट चखना चाहते हैं तो बनाएं सोहन हलवा और घरवालों को दें मीठे का सरप्राइज.



### आवश्यक सामग्री

- 1 कप भुट्टे के दाने
- 100 ग्राम मावा/खोया
- 100 ग्राम नारियल कसा हुआ
- 100 ग्राम देसी घी
- 25 ग्राम बादाम
- 1 चम्मच इलायची पाउडर
- 1 चुटकी खाने का रंग
- 150 ग्राम पिसी हुई चीनी

सजावट के लिए
कुछ कटे हुए बादाम

### विधि

- सोहन हलवा सबसे पहले भुट्टे के ताजा दानों को निकालकर मिक्सी में दरदरा पीस लें.
- अब कड़ाही में घी गर्म करके पिसे दानों को धीमी आंच पर करारा भून लें.
- जब भुट्टे से खुशबू आने लगे तो उसमें खोया मिलाकर 5 मिनट के लिए अच्छी तरह भून लें और अब पिसी हुई चीनी मिलाकर 2 कटोरी पानी डालकर 10-15 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें.
- जब पानी सूख जाए तो उसमें रंग और कटे हुए सूखे मेवे मिलाकर हलवे को गाढ़ा कर लें.
- इसके बाद इलायची पाउडर डालकर मिलाएं और बादाम के टुकड़ों से सजाकर सोहन हलवे को गरमागर्म सर्व करें.

## शब्द सामर्थ्य- 29

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 28 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू-दोकू- 29

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 28 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |